# अपना कोविड-19 टीका लगवाने के लिए टीकाकरण क्लिनिक में जाना




amaze | NDS National Disability Services

Hindi | हिन्दी




मैं अपना कोविड-19 टीका लगवाने के लिए टीकाकरण क्लिनिक जा रहा हूँ।

ये क्लीनिक केवल कोविड-19 टीके के लिए ही हैं।

कोविड-19 टीके की दवाई मेरी बाँह में सुई लगाकर दी जाती है।

इससे लोगों को कोविड-19 का संक्रमण होने और इसके फैलाव को रोकने में सहायता मिलेगी।

यह लोगों को कोविड-19 के कारण बहुत अधिक बीमार पड़ने से भी बचा सकता है।




मैं सामने के दरवाजे पर एक नर्स से मिलूंगा।
स्टाफ मुझसे पूछेंगे कि क्या मेरे पास एपॉइंटमेंट है।
वे मुझे बताएंगे कि आगे क्या करना है।




मेरे साथ आने वाले वयस्क को अपने फोन पर क्यूआर कोड का उपयोग करके चेक-इन करना होगा, या वे मेरा नाम और फोन नंबर लिखेंगे।



यदि मैंने मास्क पहना हुआ है, तो मुझे एक नया मास्क पहनने के लिए कहा जाएगा। मेरे साथ आने वाले वयस्क भी अपना मास्क बदलेंगे।



क्लिनिक में अंदर जाते समय मुझे हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करने की आवश्यकता हो सकती है। मैं खुद अपने हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग भी कर सकता हूँ।





स्टाफ मेरे तापमान की जांच कर सकते हैं।

वे मेरे साथ आने वाले वयस्क के तापमान की जांच भी कर सकते हैं।



मेरे साथ आने वाले वयस्क और मैं डेस्क पर जाऊंगा।

मेरे साथ आने वाले वयस्क स्टाफ के सदस्य के साथ फॉर्म भरेंगे।

स्टाफ के सदस्य मुझे बताएँगे कि आगे क्या करना है।



नर्स मुझे कमरे में ले जाएंगे।

यदि बहुत अधिक रोशनी होगी, तो मैं धूप का चश्मा या टोपी पहन सकता हूँ।

मेरे साथ आने वाले वयस्क मेरे साथ होंगे।



मैं जहाँ चाहूं, वहाँ बैठ सकता हूँ। मैं अपने साथ आने वाले वयस्क की गोद में बैठ सकता हूँ।
मैं कुर्सी पर बैठ सकता हूँ, या मैं फर्श पर बैठ सकता हूँ।



मैं वीडियो देख सकता हूँ। मैं संगीत सुन सकता हूँ।
मैं अपने खिलौने के साथ खेल सकता हूँ या उसे पकड़ सकता हूँ।



नर्स मेरे साथ आने वाले वयस्क से मेरे स्वास्थ्य के बारे में कुछ प्रश्न पूछेंगे।



नर्स मुझे अपने जम्पर को उतारने या आस्तीन को रोल-अप करने के लिए कहेंगे।
यदि मुझे इंजेक्शन के बारे में सोचकर चिंता महसूस होती है, तो मैं दूसरी ओर या दीवार की ओर देख सकता हूँ।
मेरे साथ आने वाले वयस्क मुझे आश्वासन दे सकते हैं।



मुझे इंजेक्शन लगाने के बाद नर्स मेरी बांह पर बैंडेड और/या कपास की गोली लगाएगी। उसके बाद मैं अपना जम्पर पहन सकता हूँ या अपनी आस्तीन को नीचे रोल कर सकता हूँ।



नर्स मुझे घर ले जाने के लिए एक शोबैग देंगे।

इंजेक्शन के बाद क्या उम्मीद करनी चाहिए, इसके बारे में नर्स मेरे साथ आने वाले वयस्क को जानकारी पत्रक देंगे।



मैं जहाँ हूँ, वहाँ 15 मिनटों के लिए रहूँगा।

यह सुई लगाने के बाद होता है।

मेरे साथ आने वाले वयस्क अपने फोन पर टाइमर सेट कर सकते हैं।

मैं संगीत सुन सकता हूँ, वीडियो देख सकता हूँ और प्रतीक्षा करते समय फिजेट आइटमों का उपयोग कर सकता हूँ।

मैं अपने शोबैग में दी गई चीजों के साथ खेल सकता हूँ।



जब 15 मिनट पूरे हो जाते हैं, तो नर्स मुझसे कुछ प्रश्न पूछेंगे।

यदि मैं चाहूं, तो इसके बजाय मैं अपने साथ आने वाले वयस्क को बता सकता हूँ और वे मेरी ओर से नर्स के साथ बात कर सकते हैं।




अब मैं टीकाकरण क्लिनिक छोड़कर जा सकता हूँ।

एमेज़ और राष्ट्रीय विकलांगता सेवाओं द्वारा साझेदारी
से गर्वपूर्वक उत्पादित


एमेज़

फो: 03 9657 1600

www.amaze.org.au

ई: info@autismconnect.org.au

राष्ट्रीय विकलांगता सेवाएँ

फो: 03 8341 4300

www.nds.org.au

ई: ndsvic@nds.org.au



**अभिस्वीकृति**

EACH अल्पसंवेदनात्मक बच्चों और वयस्क के टीकाकरण क्लिनिक में सभी स्टाफ तथा इस संसाधन को विकसित करने में भाग लेने वाले परिवार के समर्थन के लिए धन्यवाद के साथ।

यह सोशल स्क्रिप्ट विक्टोरिया के स्वास्थ्य विभाग और विक्टोरिया के परिवार, निष्पक्षता एवं आवास विभाग के समर्थन के साथ एमेज़ और राष्ट्रीय विकलांगता सेवाओं (एनडीएस) द्वारा बनाई गई थी।



© Amaze 2022


